राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर
विधिक सेवा भवन, विधिक सेवा मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर
(Phone: 0141-2227481, FAX: 2227602, Toll Free Help Line: 15100/9928900900
E-Mail: rslsajp@gmail.com, rs-slsa@nic.in, Website: https://rajasthan.nalsa.gov.in/

क्रमांकः–एफ 2(137)/2025/रालसा/पै.अधि./DS-I/15847-15898 दिनांक :– 13/06/2026

प्रेषक –

सदस्य सचिव,
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,
जयपुर।

प्रेषिति:

अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
समस्त राजस्थान।

अध्यक्ष,
तालुका विधिक सेवा समिति,
समस्त राजस्थान।

विषयः– अधिवक्तागण के नवीन पैनल के गठन हेतु चयन की अंतिम तिथि बढ़ाने बाबत।
संदर्भः– इस कार्यालय का पत्रांक एफ 2(137)/2025/रालसा/ पै.अधि./DS-I/13661 13662 दिनांक 27.05.2026।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में निवेदन है कि जिला मुख्यालय एवं तालुका स्तर पर स्थित न्यायालयों, मंच एवं अधिकरणों में विधिक सेवाओं के क्रियान्वयन हेतु पैनल अधिवक्ताओं के चयन के लिए विधि व्यवसायियों/अधिवक्ताओं से आवेदन–पत्र आमंत्रित की अंतिम तिथि 15.06.2026 निर्धारित की गई थी, को निर्देशानुसार दिनांक 10.07.2026 को सायं 5:00 तक के लिए एवं जिला स्तर पर चयन प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम दिनांक 18.07.2026 तक बढाई जाती है। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि उक्त दिनांक के पश्चात अंतिम तिथि किसी भी परिस्थिति में नहीं बढ़ाई जावेगी।

चयनित पैनल अधिवक्तागण के नाम की सूची, उनके समस्त दस्तावेज एवं निर्णयों/आदेशों की प्रतियां सहित निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 24.07.2026 को सायं 05:00 बजे तक इस कार्यालय को प्रेषित करावें, ताकि अग्रिम कार्यवाही के लिए माननीय कार्यकारी अध्यक्ष महोदय से अनुमोदन प्राप्त किया जा सके।

नवीन पैनल तैयार करते समय अधिवक्ता की क्षमता, सत्यनिष्ठा, उपयुक्तता एवं अनुभव का विशेष ध्यान रखा जाये।

आज्ञा से

(हरि ओम अत्री)
सदस्य सचिव
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण
जयपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर–द्वितीय
कार्यालय : बी–610 शिवमार्ग बनीपार्क एडीआर सेन्टर कलेक्ट्रेट सर्किल जयपुर
Email:-dlsa17jaipurmetro2@gmail.com

क्रमांक : जि.वि.से.प्रा./2026/5876-5878 दिनांक : 16/6/26

प्रेषितः–

1. समस्त न्यायालय जयपुर महानगर द्वितीय
2. श्रीमान जिला कलक्टर जयपुर
3. अध्यक्ष, दि बार एसोसिएशन, जयपुर महानगर/जयपुर जिला/चौमूं/आमेर/जेडीए

विषयः– माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के संशोधित सूचना कमांक 15847–15890 दिनांक 13.06.2026 के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के संशोधित सूचना कमांक 15847–15890 दिनांक 13.06.2026 के द्वारा जिला मुख्यालय एवं तालुका स्तर पर स्थित विभिन्न न्यायालयों, मंचों एवं अधिकरणों में विधिक सेवाओं के कियान्वयन हेतु पैनल अधिवक्ताओं के चयन के लिए विधि व्यवसायियों/अधिवक्ताओं से आवेदन–पत्र आमंत्रित की अंतिम तिथि 15.06.2026 निर्धारित की गई थी। दिनांक 13.06.2026 को प्राप्त माननीय रालसा के संदर्भित पत्र में निर्देशानुसार विधि व्यावसायियों/अधिवक्ताओं से आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 10.07.2026 को सांय 05:00 तक के लिए बढाई जाती है। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि उक्त दिनांक के पश्चात अंतिम तिथि किसी भी परिस्थिति में नहीं बढ़ाई जावेगी, जिसकी प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

15/6/26

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जयपुर महानगर द्वितीय

कमांक :–5879-5881 दिनांक :–16/6/26

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. **नोटिस बोर्ड जिला एवं सेशन न्यायालय/समस्त न्यायाल, जयपुर महानगर द्वितीय/अधिकरण/मंच**
2. **नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा**
3. **सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय, जयपुर महानगर द्वितीय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।**

भवदीय

15/6/26

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जयपुर महानगर द्वितीय